एनटीपीसी को अपने माईन्स के लिए CE की आवश्यकता है

एनटीपीसी
NTPC

एनटीपीसी लिमिटेड, 69,016 मेगावाट की संस्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कम्पनी है और विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इसकी उपस्थिति है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 जीडब्ल्यू कुल संस्थापित क्षमता हासिल करने की एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। एनटीपीसी 100 एमटीए की भावी क्षमता के साथ 7 आबंटित कोयला ब्लॉकों का भी स्वामित्व करती है।

एनटीपीसी को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **सीईओ (माइनिंग)** की आवश्कयता है:

योग्यता: माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक के साथ प्रथम श्रेणी माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट।

अनुभव आवश्यकता: सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या प्रतिष्ठित निजी कंपनी में संगत क्षेत्र में कार्यपालक कैडर में 25 वर्ष योग्यता पश्चात अनुभव।

अनुभव प्रोफाइल: खान की योजना, खानों का विकास एवं प्रचालन (ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट्स से खानों के प्रचालन तक) के साथ प्रमुख तौर पर ओपन कास्ट माइन में पर्याप्त अनुभव एवं प्रदर्शन क्षमता होनी चाहिए। उम्मीदवार में अच्छी नेटवर्किंग एवं स्टेक होल्डर मैनेजमेंट की योग्यता होनी चाहिए।

जॉब प्रोफाइल: सीईओ (माइनिंग) के रूप में उम्मीदवार, संगठन के खनन उद्यम का नेतृत्व करेगा और एनटीपीसी की सभी खनन परियोजनाओं के समग्र प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होगा। उम्मीदवार परियोजना की रूपरेखा तैयार करने, परियोजना की योजना बनाने, परियोजनाओं के लक्ष्य/समय–सीमा निर्धारित करने, कार्यप्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार होगा और खान की परिचालन योजनाओं का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने, निगरानी एवं प्रगति रिपोर्ट बनाने तथा सुधारात्मक उपायों की अनुशंसा करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

ऊपरी आयु सीमा: 57 वर्ष

क्षतिपूर्ति: परक्राम्य (Negotiable)

नोट: प्रारंभ में नियुक्ति 03 वर्ष के लिए होगी और इसे उम्मीदवार के कार्यप्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

स्वास्थ्य :

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण कराना होगा और इस संबंध में निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में कोई भी छूट नहीं होगी। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

सामान्य शर्तें:

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव आवश्यकता/योग्यता की गणना विज्ञापन में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से की जाएगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकरण से वैध ईडब्ल्यूएस/अपिव/अजा/अजजा/दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आवश्यकता के आधार पर कम्पनी बिना कोई सूचना दिये और बिना कोई कारण बताएं रिक्तियों की संख्या को निरस्त करने/सीमित करने/घटाने/बढ़ाने का अधिकार रखती है।
6. पद के लिए आवेदन करते समय आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे विनिर्देशित तिथियों को उपरोक्त वर्णित योग्यता मापदंडों एवं मानकों को पूरा करते हैं और भरे गये विवरण सभी दृष्टियों से सही हैं। अगर भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि उम्मीदवार योग्यता मापदंडों को पूरा नहीं करता है और/या कि उसके द्वारा दी गई जानकारी गलत/झूठी है या उसने तथ्यों को छुपाया है, तो ऐसे मामले में उसकी उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त कोई गलत जानकारी सामने आती है तो उसे बिना कोई सूचना दिये सेवा से तत्काल निष्कासित कर दिया जाएगा। कोई भी सिफारिश करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
7. विज्ञापन में निर्धारित अनुसार योग्यता शर्तों को पूरा करने पर विज्ञापन के अधीन आवेदन जमा कर देने मात्र से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने/आगे चयन प्रक्रिया के लिए विचार किये जाने का अधिकार नहीं रखता है।
8. इस विज्ञापन और/या इसके उत्तर में आवेदन के संबंध में कोई भी दावा या विवाद के किसी भी मामले में कोई भी कार्रवाई केवल दिल्ली और दिल्ली के न्यायालयों/अधिकरणों/फोरम में ही प्रारंभ की जा सकती है और किसी भी मामले/विवाद के लिए ये ही एकल न्यायिक क्षेत्राधिकार होगा।
9. अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में अनुवाद के दौरान उत्पन्न किसी भी विभिन्नता/विवाद के मामले में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करना होगा या **www.ntpc.co.in** पर कॅरियर सैक्शन को देखें। किसी अन्य माध्यम/प्रक्रिया द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। उम्मीदवारों के पास वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए। एनटीपीसी उम्मीदवार को भेजे गये किसी भी ई–मेल के बाउंस बैक होने पर जिम्मेदार नहीं होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा जेनरेट किये गये पंजीकरण स्लिप को डाउनलोड करना है। उम्मीदवार द्वारा भविष्य के प्रयोजन हेतु पंजीकरण स्लिप अपने पास रखनी है। हमें डाक द्वारा कोई भी दस्तावेज भेजने की जरूरत नहीं है।

सभी योग्य उम्मीदवारों का विज्ञापन की पूरी विषय–वस्तु पढ़ना और आवेदन करते समय दिये गये सभी शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है। आगे कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/नवीनतम जानकारी केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

आवेदन ऑनलाइन प्रारंभ तिथि: 26.05.2022 | **आवेदन ऑनलाइन की अंतिम तिथि: 09.06.2022**

विज्ञा. सं. –13/22

एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

एनटीपीसी भवन, कोर 7, स्कोप कॉम्पलेक्स 7,
इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
सीआईएन: L40101DL1975GOI007966
वेबसाइट: www.ntpc.co.in

फॉलो करें: /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited ntpc_limited